चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| The Savera Times | 18.10.2024 | --- | -- |

# 24 employees promoted at Haryana Agricultural University

@Thesaveratimes
Network



**Hisar:** In a significant move to boost morale and recognize hard work, Prof. B.R. Kamboj, Vice Chancellor of Ch. Charan Singh Haryana Agricultural University, announced the promotion of 23 employees from clerk to assistant positions, along with one employee elevated to senior scale stenographer. This initiative underscores the university's commitment to employee development and job satisfaction. The newly promoted staff members include Rakesh, Shakuntala, Anand, Pooja, Vikram Pal, Subhash, Manju Bala, Kuldeep, Surendra Singh, Mandeep, Ankush, Anil, Vikas, Bajrang, Shiksha Devi, Manisha, Hanuman Singh, Pinku Kumar, Udesh Kumar, Ajay Kumar, Sumit, and Manish Poonia. Meanwhile, Sahil Narula has advanced from junior scale stenographer to senior scale stenographer. During the promotion announcement, Prof. Kamboj extended his heartfelt congratulations to all promoted employees, emphasizing the importance of their roles in the university's success. Registrar Dr. Pawan Kumar noted that these promotions are a testament to the employees' dedication and hard work. The newly promoted staff expressed their gratitude, vowing to fulfill their new responsibilities with devotion and integrity. This proactive measure has been met with widespread appreciation among non-teaching staff, who feel a renewed sense of enthusiasm and motivation to serve the university. The timely promotions are expected to positively impact their remaining years of service, enhancing their job satisfaction and commitment to the institution. In attendance were key university officials, including OSD Dr. Atul Dhingra, SVC Kapil Arora, and Assistant Registrar Tara Chand, all of whom celebrated this momentous occasion in the university's journey towards fostering a supportive and rewarding work environment. Photo Caption: Vice Chancellor of HK University Prof. B.R. Kamboj with promoted employees. In a significant move to boost morale and recognize hard work, Prof. B.R. Kamboj, Vice Chancellor of Ch. Charan Singh Haryana Agricultural University, announced the promotion of 23 employees from clerk to assistant positions, along with the elevation of Sahil Narula from junior scale stenographer to senior scale stenographer. This initiative highlights the university's commitment to fostering employee development and enhancing job satisfaction. The newly promoted staff members—Rakesh, Shakuntala, Anand, Pooja, Vikram Pal, Subhash, Manju Bala, Kuldeep, Surendra Singh, Mandeep, Ankush, Anil, Vikas, Bajrang, Shiksha Devi, Manisha, Hanuman Singh, Pinku Kumar, Udesh Kumar, Ajay Kumar, Sumit, and Manish Poonia—expressed heartfelt gratitude for the recognition. During the announcement, Prof. Kamboj congratulated them, emphasizing their vital roles in the university's success and progress. Registrar Dr. Pawan Kumar echoed these sentiments, noting that the promotions reflect the employees' dedication and hard work. The proactive measure has been met with widespread appreciation among non-teaching staff, who now feel a renewed sense of enthusiasm and motivation to contribute to the university. This timely recognition is expected to positively influence their remaining years of service, enhancing job satisfaction and commitment to the institution.

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 18.10.24 | 5 | 1-7 |

दैनिक जागरण

# हकृवि की नई किस्म कलौंजी-12 इजाद, किसानों की 15 प्रतिशत तक बढ़ेगी पैदावार

- किसानों के पास फील्ड में चल रहा ट्रायल,अगले साल सीजन में बीज देने का प्रयास
- कलौंजी की नई किस्म से 12 से 14 क्विंटल प्रति हैक्टेयर की फसल होने की संभावना

अमित धवन • जागरण

हिसार : शरीर के लिए महत्वपूर्ण मसाला कलौंजी। शुगर से लेकर दर्द, सूजन, अस्थमा सहित कई बीमारियों को दूर करने की एक दवा। इस कलौंजी की फसल को बढ़ाने और किसानों को लाभ पहुंचने के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की तरफ से नई किस्म कलौंजी-12 इजाद की है। यह किस्म पिछले वर्ष अखिल भारतीय समन्वित मसाला अनुसंधान परियोजना की तरफ से बैंगलुरुं की बैठक में सिफारिश की गई थी। अब इसको उगाने के लिए बीज अगले वर्ष तक किसानों को उपलब्ध करवा दिया जाएगा। इस नई किस्म से 15 प्रतिशत तक अधिक पैदावार मिलेगी। हरियाणा में कलौंजी की खेती नई है। यह अभी यमुनानगर, अंबाला, करनाल आदि कुछ जिलों में हो रही हैं। इसके अलावा उत्तर और उत्तर पश्चिमी में कलौंजी की खेती काफी होती हैं।

देश में हरियाणा के अलावा कलौंजी की खेती पंजाब, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, पश्चिमी बंगाल, आसाम आदि प्रदेश में होती हैं। इसकी पिछली नई किस्म अजमेर के सेंटर ने किसानों के लिए उपलब्ध करवाई थी। उन पुरानी किस्म को ही किसान देश में अभी उगा रहे हैं। मगर कलौंजी की पैदावार को बढ़ाने और बीमारियों से बचाना विज्ञानियों के समक्ष एक बड़ी चुनौती थी। इस पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की टीम ने काम किया और उनकी नई किस्म किसानों के लिए उपलब्ध होने के लिए तैयार है। इसको किसानों तक पहुंचने के लिए केंद्र सरकार के पास नोटिफिकेशन भेजा जाएगा। वहां से मंजूरी मिलने के बाद इसको किसानों तक पहुंचाया जाएगा। हकृवि के डायरेक्टर रिसर्च डा. राजबीर गर्ग/के निर्देशन में सब्जी विज्ञान विभाग से डा. एसके तेहलान और डा. टीपी मलिक ने इस रिसर्च पर काम किया है।

## सामान्य मिट्टी में भी हो सकती है कलौंजी

कलौंजी की फसल के लिए किसान को कोई खास मिट्टी की जरूरत नहीं है। सामान्य खेत की मिट्टी में इसे उगाया जा सकता है। इसको उगाने के बाद तीन से चारे बार पानी लगाने की जरूरत पड़ेगी। अक्टूबर के अंत में इसको लगाया जाएगा। शुरूआत में न्यूनतम तापमान 15 से 20 डिग्री तो अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री तक रहेगा। यह फसल शून्य डिग्री पर भी खराब नहीं होगी।

## इस किस्म में नहीं लगेगी बीमारी

विज्ञानियों की मानें तो अभी कलौंजी की फसल से किसान प्रति हेक्टेयर 8 क्विंटल तक फसल ले पाता है। उनकी तरफ से तैयार की कलौंजी-12 नई किस्म से 12 से 14 क्विंटल प्रति हैक्टेयर फसल ले सकेगा। प्रोडक्शन बढ़ने से किसान को काफी ज्यादा लाभ होगा। इस फसल का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इसमें कोई बीमारी नहीं लगेगी। मौजूदा समय में चेपा रोग से कलौंजी की फसल प्रभावित हो रही है। इसको लेकर फील्ड में ट्रायल हो चुका है। अब ऊपर से मंजूरी मिलने का इंतजार रहेगा।



"विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के नेतृत्व में कलौंजी की नई किस्म तैयार की है। यह किस्म बैंगलुरु में हुई बैठक में रिकमंड कर दी गई थी। अगले वर्ष तक किसानों को इसका बीज उपलब्ध करवा देंगे। यह बीमारियों से लड़ने के साथ अधिक पैदावार देगी। - **डा. एसके तेहलान**, विभागाध्यक्ष, सब्जी विज्ञान विभाग, हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 18.10.24 | 3 | 5-6 |

## मसालों की सात वैरायटी को बैठक में किया रिकमंड




हकृवि के कृषि महाविद्यालय के आडिटोरियम में बैठक में उपस्थिति विज्ञानी।

जागरण संवाददाता, हिसारः चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 35वीं अखिल भारतीय समन्वित मसाला अनुसंधान परियोजना की तीन दिवसीय वार्षिक समूह बैठक का वीरवार को समापन हो गया। बैठक में देश के अलग-अलग इंस्टीट्यूट की सात वैरायटी को रिकमंड किया है। इसका प्रपोजल अब संबंधित संस्थान बनाकर भेजेंगे। इसमें धनिया, जीरा, सौफ, अदरक, हल्दी की वैरायटी शामिल हैं। अंतिम दिन बैठक में विशेष रूप से एडीजी डा. सुधाकर पांडे, आइसीएआर-आइआइएसआर के निदेशक डा. आर दिनेश व राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केंद्र के निदेशक डा. विनय भारद्वाज मौजूद रहे।

हकृवि के कृषि महाविद्यालय के आडिटोरियम में हुई बैठक में देश भर से आए विज्ञानियों ने भविष्य के लिए अनुसंधान एजेंडा तय किया। इसमें नई किस्में और तकनीक पर चर्चा हुई। साथ ही मसाला खेती को भविष्य के लिए सुरक्षित बनाने की दिशा में कदम उठाने पर मंथन हुआ। इसमें मसालों की सात नई उच्च उपज वाली किस्मों की पहचान की गई और उनको शामिल किया। इसमें मुख्य रूप से राजस्थान के जोबनेर की करण धनिया-1 (धनिया), जोधपुर जीरा-1 (जीरा), काजरी जीरा-1 (जीरा), गुजरात सौंफ-13 (सौंफ), राजस्थान की आरएमटी-259 (मेथी), कर्नाटक की एसएएस-केवु (अदरक) और केरला से आइआइएसआर सूर्या (हल्दी) शामिल हैं।

अनुसंधान निदेशक डा. राजबीर गर्ग और सब्जी विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा. एसके तेहलान ने बताया कि बैठक में पांच नई तकनीकें पेश की गईं, जिनसे मसाला खेती पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की उम्मीद है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 18-10-25 | 10 | 7-8 |

## हकृवि के 24 कर्मचारियों को मिली पदोन्नति



हिसार में बृहस्पतिवार को हकृवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज पदोन्नत कर्मचारियों के साथ।-हप्र

**हिसार (हप्र):** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने २३ कर्मचारियों के क्लर्क से सहायक के पद पर पदोन्नति के आदेश जारी किए। इसी प्रकार एक कर्मचारी को सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर बनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सभी पदोन्नत कर्मचारियों को बधाई दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि पदोन्नत सूची में क्लर्क से सहायक बने कर्मचारियों में राकेश, शकुंतला, आनंद, पूजा, विक्रम पाल, सुभाष, मंजु बाला, कुलदीप, सुरेन्द्र सिंह, मंदीप, अंकुश, अनिल, विकास, बजरंग, शिक्षा देवी, मनीषा, अनिल, हनुमान सिंह, पिंकु कुमार, उदेश कुमार, अजय कुमार, सुमित व मनीष पूनिया शामिल हैं। साहिल नरूला को जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर से सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर के पद पर पदोन्नति मिली है।

**चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय**

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 18.10.24 | 2 | 5-6 |

बैठक / एचएयू में वैज्ञानिक बोले- बाजार की मांग के अनुरूप उच्च गुणवत्ता वाले मसालों की किस्में तैयार की जाएं

# मसालों की नई किस्में करनी होंगी तैयार : डॉ. सुधाकर

संवाद न्यूज एजेंसी

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में मसालों पर आयोजित 35वीं तीन दिवसीय वार्षिक समूह की बैठक वीरवार को संपन्न हुई। बैठक में मसालों के क्षेत्र में प्रगति और नवाचार को लेकर वैज्ञानिकों ने विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न मसाला अनुसंधान केंद्रों के 150 से अधिक वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बीआर कांबोज मौजूद रहे। बैठक में आईसीएआर के सहायक महानिदेशक (बागवानी विज्ञान) डॉ. सुधाकर पांडे ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों सहित भविष्य में उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए मसालों की लचीले किस्मों को तैयार करनी होंगी।

डॉ. एन कृष्ण कुमार ने सुरक्षित मसाला उत्पादन के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार करने की सलाह दी, जो अंतरराष्ट्रीय बाजार में आवश्यक गुणवत्ता के मानकों को पूरा कर सके। डॉ. विनय भारद्वाज, निदेशक, राष्ट्रीय बीज मसाला अनुसंधान केंद्र (एनआरसीएसएस) और डॉ. केवी पार्थसारथी, आईसीएआर-आईआईएसआर के पूर्व निदेशक ने बेहतर किस्मों के विकास में तेजी लाने के लिए बनाई गई रणनीतियों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम को दौरान मसाला अनुसंधान और विकास में योगदान के लिए एनएम कृषि महाविद्यालय, नवसारी को सम्मानित किया गया। बैठक में मसालों के क्षेत्र में नवीनतम शोध निष्कर्षों और नवाचारों को प्रदर्शित करते हुए 11 नए प्रकाशन जारी किए गए।

**नई किस्में**

1. धनिया की किस्म
2. जोधपुर जीरा-1 (जीरा)
3. कैजरी क्यूमिन-1 (जीरा)
4. गुजरात सौंफ-13 (सौंफ)
5. आरएमटी-259 (मेथी)
6. एसएएस-कैवु (अदरक)
7. आईआईएसआर सूर्या (हल्दी)

कुलपति प्रो. कांबोज ने भारतीय मसालों के लिए चुनौतियां और अवसर के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन, सामाजिक-आर्थिक मुद्दों पर बढ़ती लागतों से संबंधित चुनौतियों का समाधान करने की आवश्यकता है। उन्होंने मसाला उत्पादन सहित कृषि के लिए अधिक समग्र और टिकाऊ दृष्टिकोण सुनिश्चित करने के लिए फसल प्रणाली-आधारित अनुसंधान की वकालत की।

आईसीएआर के बागवानी उप महानिदेशक (डीडीजी) डॉ. एसके सिंह ने तेल यौगिकों की पहचान और निष्कर्षण में शोध का विस्तार करने, मसाला उत्पादन में माइक्रोबायोम की भूमिका का पता लगाने पर जोर दिया। सब्जी विज्ञान विभाग के डॉ. एसके तेहलान के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ संपन्न हुई।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 18.10.24 | 2 | 7-8 |

## हकृवि में 24 कर्मचारियों की हुई पदोन्नति



*हकृवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज पदोन्नत कर्मचारियों के साथ।*

हिसार, 17 अक्तूबर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने 23 कर्मचारियों के क्लर्क से सहायक के पद पर पदोन्नति के आदेश जारी किए। इसी प्रकार एक कर्मचारी को सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर बनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सभी पदोन्नत कर्मचारियों को बधाई दी।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि पदोन्नत सूची में क्लर्क से सहायक बने कर्मचारियों में राकेश, शकुंतला, आनंद, पूजा, विक्रम पाल, सुभाष, मंजु बाला, कुलदीप, सुरेन्द्र सिंह, मंदीप, अंकुश, अनिल, विकास, बजरंग, शिक्षा देवी, मनीषा, अनिल, हनुमान सिंह, पिंकु कुमार, उदेश कुमार, अजय कुमार, सुमित व मनीष पूनिया शामिल हैं। साहिल नरूला को जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर से सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर के पद पर पदोन्नती मिली है।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 18.10.24 | 4 | 6-8 |

# एचएयू में 23 कर्मचारी क्लर्क से सहायक के पद पर पदोन्नत किए

## सभी कर्मचारियों ने वीसी बीआर काम्बोज का जताया आभार

भास्कर न्यूज | हिसार



हकृवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज पदोन्नत कर्मचारियों के साथ।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने 23 कर्मचारियों के क्लर्क से सहायक के पद पर पदोन्नति के आदेश जारी किए। इसी प्रकार एक कर्मचारी को सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर बनाया गया। इस अवसर पर एचएयू के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सभी पदोन्नत कर्मचारियों को बधाई दी।

इस अवसर पर एचएयू के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि पदोन्नत सूची में क्लर्क से सहायक बने कर्मचारियों में राकेश, शकुंतला, आनंद, पूजा, विक्रम पाल, सुभाष, मंजु बाला, कुलदीप, सुरेन्द्र सिंह, मंदीप, अंकुश, अनिल, विकास, बजरंग, शिक्षा देवी, मनीषा, अनिल, हनुमान सिंह, पिंकु कुमार, उदेश कुमार, अजय कुमार, सुमित व मनीष पूनिया शामिल हैं। साहिल नरूला को जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर से सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर के पद पर पदोन्नति मिली है। एचएयू प्रशासन के इस कदम की प्रत्येक गैर-शिक्षक कर्मचारी ने प्रशंसा की। पदोन्नत कर्मचारियों ने विश्वास दिलाया कि वे अपनी पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ अपने नए पद के कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने बताया कि समयानुसार पदोन्नति होने से कर्मचारियों में खुशी की लहर है व उनके बचे सेवाकाल में इस पदोन्नति से उन्हें लाभ होगा। साथ ही वे अधिक उत्साह के साथ विवि में सेवाएं दे सकेंगे। पदोन्नत कर्मचारियों ने कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज का धन्यवाद किया।

**चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय**

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 18-10-24 | 5 | 4-5 |



हकृवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज पदोन्नत कर्मचारियों के साथ।

# हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 24 कर्मचारियों की हुई पदोन्नति

हिसार, 17 अक्तूबर (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने 23 कर्मचारियों के क्लर्क से सहायक के पद पर पदोन्नति के आदेश जारी किए। इसी प्रकार एक कर्मचारी को सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर बनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सभी पदोन्नत कर्मचारियों को बधाई दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि पदोन्नत सूची में क्लर्क से सहायक बने कर्मचारियों में राकेश, शकुंतला, आनंद, पूजा, विक्रम पाल, सुभाष, मंजु बाला, कुलदीप, सुरेन्द्र सिंह, मंदीप, अंकुश, अनिल, विकास, बजरंग, शिक्षा देवी, मनीषा, अनिल, हनुमान सिंह, पिंकु कुमार, उदेश कुमार, अजय कुमार, सुमित व मनीष पूनिया शामिल हैं। साहिल नरूला को जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर से सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर के पद पर पदोन्नती मिली है। एचएयू प्रशासन के इस कदम की प्रत्येक गैर-शिक्षक कर्मचारी ने प्रशंसा की। पदोन्नत कर्मचारियों ने विश्वास दिलाया कि वे अपनी पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ अपने नए पद के कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने बताया कि समयानुसार पदोन्नति होने से कर्मचारियों में खुशी की लहर है व उनके बचे सेवाकाल में इस पदोन्नति से उन्हें लाभ होगा। साथ ही वे अधिक उत्साह के साथ विश्वविद्यालय में अपनी सेवाएं दे सकेंगे। सभी पदोन्नत कर्मचारियों ने कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज का धन्यवाद किया। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, एसवीसी कपिल अरोड़ा व सहायक कुलसचिव तारा चंद उपस्थित रहे।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 18-10-24 | 9 | 6-8 |

# हकृवि में 24 कर्मचारी पदोन्नत, कुलपति ने दी बधाई

- 23 कर्मचारी क्लर्क से सहायक व एक सीनियर स्केल स्टेनोग्राफ बना।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने 23 कर्मचारियों के क्लर्क से सहायक के पद पर पदोन्नति के आदेश जारी किए है। एक कर्मचारी को सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर बनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने सभी पदोन्नत कर्मचारियों को बधाई दी।



हिसार। वीसी प्रो. बीआर काम्बोज पदोन्नत कर्मियों के साथ।

कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने गुरुवार को बताया कि पदोन्नत सूची में क्लर्क से सहायक बने कर्मियों में राकेश, शकुंतला, आनंद, पूजा, विक्रम पाल, सुभाष, मंजु बाला, कुलदीप, सुरेन्द्र सिंह, मंदीप, अंकुश, अनिल, विकास, बजरंग, शिक्षा देवी, मनीषा, अनिल, हनुमान सिंह, पिंकु कुमार, उदेश कुमार, अजय कुमार, सुमित व मनीष पूनिया शामिल हैं। साहिल नरूला को जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर से सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर के पद पर पदोन्नती मिली है।

एचएयू प्रशासन के इस कदम की प्रत्येक गैर-शिक्षक कर्मचारी ने प्रशंसा की। पदोन्नत कर्मचारियों ने विश्वास दिलाया कि वे अपनी पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ अपने नए पद के कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। पदोन्नति होने से कर्मचारी खुश हैं। उनके बचे सेवाकाल में इस पदोन्नति से उन्हें लाभ होगा। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, एसवीसी कपिल अरोड़ा व सहायक कुलसचिव तारा चंद उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 18.10.24 | 5 | 1-2 |

## एचएयू के 23 क्लर्क बने सहायक



**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने 23 क्लर्कों को पदोन्नत कर सहायक बनाने के आदेश जारी किए है। वहीं, एक कर्मचारी सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर बनाया गया। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि पदोन्नत सूची में राकेश, शकुंतला, आनंद, पूजा, विक्रम पाल, सुभाष, मंजु बाला, कुलदीप, सुरेन्द्र सिंह, मंदीप, अंकुश, अनिल, विकास, बजरंग, शिक्षा देवी, मनीषा, अनिल, हनुमान सिंह, पिंकु कुमार, उदेश कुमार, अजय कुमार, सुमित व मनीष पूनिया शामिल हैं। वहीं, साहिल नरूला को जूनियर स्केल से सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर के पद पर पदोन्नति मिली है। संवाद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| नभ छोर | 17.10.2024 | --- | -- |


# हकृवि के 24 कर्मचारियों को मिली पदोन्नति



नभ-छोर न्यूज ⏭ 17 अक्टूबर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने 23 कर्मचारियों के क्लर्क से सहायक के पद पर पदोन्नति के आदेश जारी किए। इसी प्रकार एक कर्मचारी को सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर बनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि पदोन्नत सूची में क्लर्क से सहायक बने कर्मचारियों में राकेश, शकुंतला, आनंद, पूजा, विक्रम पाल, सुभाष, मंजु बाला, कुलदीप, सुरेन्द्र सिंह, मंदीप, अंकुश, अनिल, विकास, बजरंग, शिक्षा देवी, मनीषा, अनिल, हनुमान सिंह, पिंकु कुमार, उदेश कुमार, अजय कुमार, सुमित व मनीष पूनिया शामिल हैं। साहिल नरूला को जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर से सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर के पद पर पदोन्नती मिली है। एचएयू प्रशासन के इस कदम की प्रत्येक गैर-शिक्षक कर्मचारी ने प्रशंसा की। पदोन्नत कर्मचारियों ने विश्वास दिलाया कि वे अपनी पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ अपने नए पद के कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, एसवीसी कपिल अरोड़ा व सहायक कुलसचिव तारा चंद उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 17.10.2024 | --- | -- |


# एचएयू के 24 कर्मचारियों की हुई पदोन्नति



हकृवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज पदोन्नत कर्मचारियों के साथ।

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने 23 कर्मचारियों को क्लर्क से सहायक के पद पर पदोन्नति के आदेश जारी किए। इसी प्रकार एक कर्मचारी को सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर बनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सभी पदोन्नत कर्मचारियों को बधाई दी।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि पदोन्नत सूची में क्लर्क से सहायक बने कर्मचारियों में राकेश, शकुंतला, आनंद, पूजा, विक्रम पाल, सुभाष, मंजु बाला, कुलदीप, सुरेन्द्र सिंह, मंदीप, अंकुश, अनिल, विकास, बजरंग, शिक्षा देवी, मनीषा, अनिल, हनुमान सिंह, पिंकु कुमार, उदेश कुमार, अजय कुमार, सुमित व मनीष पूनिया शामिल हैं। साहिल नरूला को जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर से सीनियर स्केल स्टेनोग्राफर के पद पर पदोन्नती मिली है।

इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, एसवीसी कपिल अरोड़ा व सहायक कुलसचिव तारा चंद उपस्थित रहे।